हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने की समीक्षा बैठक*

पेंडिंग फाइलों का किया जाएं त्वरित निस्तारण, बाजारों डस्टबिन नहीं रखने पर होगा सीधा चालान

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज जयपुर आयुक्त डॉ निधि पटेल ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने ऑनलाइन पेंडिंग शिकायतों के 100 प्रतिशत निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल, एलएसजी, सीएस प्रकरण और निगम की हेल्पलाइन पर जरूरतमंद लोग ही अपनी शिकायत डालते है। ऐसे में उनकी समस्या का ठोस निस्तारण किया जाएं, और साथ ही शिकायतकर्ता को मौके पर ही बुलाकर संतुष किया जाएं। जिससे कि आमजन की समस्या का निदान हो सकें। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र यादव सहित अन्य निगम अधिकारी, इंजीनियर और कर्मचारी मौजूद रहे।

बाजार में कचरा डालने और डस्टबिन नहीं रखने पर करें चालान

इस दौरान निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने बाजारों में से ओपन कचरा डिपो को पूर्णतः खत्म करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि परकोटे के बाजार हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। दूसरे देश से लोग यहां की तस्वीरें उकेर कर ले जाते है। ऐसे में सड़क पार ओपन कचरा डिपो खत्म होना चाहिए। साथ ही उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि बाजारों में जिन दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं मिलें, उन पर चालान किया जाएं। निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य शाखा से केरिंग चार्ज वसूलने के कार्य में सख्ती करने के भी निर्देश दिए।

Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam

Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam
Reduce Reuse Recycle